दिनांक 02.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा जलजनित बीमारियों से बचाव एवं डेंगू जैसे महामारी से बचने के लिए निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण वार्ड में टेमीफास का वितरण कर मच्छर के लार्वा को समाप्त करने के उपाय लोगों को बताये जा रहें हैं। इस कार्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ता , मितानीन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य भी घर-घर घुमकर कूलर , टंकी, केन्टेनर, टायर में जमे बरसाती पानी को खाली करवाने का कार्य कर रही है। निगम का स्वास्थ्य अमला शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला के साथ मिलकर रामनगर, वैशालीनगर, बापूनगर, खुर्सीपार, छावनी, बैकुण्ठधाम, कोसानगर, टंकी मरोदा, आदि क्षेत्रों के 7594 घरों में पहुंचकर बरसाती जल जो गमले , पाॅट, सहित अनुपयोगी पात्र पर भरे हुए हैं उसे खाली करवाया गया है। निगम का अमला वार्ड के प्रत्येक घरों में टेमीफास का बाटल भी प्रदान कर रही है। जिसे जमे पानी पर डालकर मच्छर के लार्वा को खतम किया जा सकता है।

आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षाकाल के प्रारम्भ में फैलने वाली मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए निगम एवं शहरी परिवार केन्द्र द्वारा चलित मोबाईल चिकित्सालय सघन बस्ती में पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है साथ ही डेंगू , मलेरिया, पीलिया जैसे बीमारी से बचाव के उपाय भी बताये जा रहें हैं। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के कूलर, छत में पड़े टायर, गमले, अनुपयोगी पात्र जिसपर बरसात का पानी जमा हो उसे खाली कर लेवें , ताकि मच्छर के लार्वा को पनपने का अवसर न मिल सके। घर के आसपास जमे हुए पानी पर निगम द्वारा प्रदान किये गये टेमीफास का छिड़काव कर लें। घर के किसी सदस्य को बूखार की शिकायत होने पर पास के स्वास्थ्य केन्द्र में तत्काल जांच करायें।

जनसम्पर्क अधिकारी